बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
सभी नगर निगम।
कार्यपालक पदाधिकारी,
सभी नगर परिषद् एवं पंचायत।

पटना, दिनांक 24.02.2022

विषय-दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SUH घटक अंतर्गत संचालित स्थायी आश्रय स्थलों में कार्यरत कर्मियों के ससमय मानदेय भुगतान के सम्बन्ध में।

प्रसंग-विभागीय पत्रांक-11528 दिनांक-07.10.2021, कार्यालय आदेश सं॰-16800 दिनांक-01.02.2022 एवं 17694 दिनांक- 15.02.2022

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से कहना है कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) योजना के SUH घटक अंतर्गत निर्मित एवं संचालित आश्रय स्थलों के प्रचालन हेतु कार्यरत प्रबंधक एवं केयरटेकर का ससमय मानदेय भुगतान किये जाने हेतु दिनांक-09.02.2022 को संपन्न राज्य स्तरीय आश्रय स्थल अनुश्रवण समिति की 22 वीं बैठक में निदेश प्रदत्त है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विभाग द्वारा SNA खाते में राशि हस्तानान्तरण की कार्रवाई की जा चुकी है जिससे निकाय स्तर पर भुगतान में उत्पन्न हो रही बाधा पर निजात प्राप्त कर लिया गया है।

अतः अनुरोध है कि आपके नगर निकायों में संचालित DAY-NULM योजना अंतर्गत सभी लंबित मानदेय/ अन्य भुगतान अद्यतन करते हुए प्रत्येक माह ससमय मानदेय भुगतान अपने स्तर से करने की कृपा की जाय जिससे भुगतान में किसी प्रकार का विलम्ब ना हो।

विश्वासभाजन,

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक,
Signed by Umakant Pandey
नगर विकास एवं आवास विभाग।
Date: 23-02-2022 19:46:21
Reason: Approved